दैनिक जागरण (Dainik Jagran)

दिनांक (Dated): 03.01.2025 | पृष्ठ सं० (Page No). 17 | क्रम सं०(Serial No.) 13

सीआइएसएफ में बीते छह वर्ष में सबसे कम रही आत्महत्या करने वाले कर्मियों की संख्या

नई दिल्ली, प्रेट्र : केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) ने गुरुवार को बताया कि बीते छह वर्षों के दौरान 2024 में इसके आत्महत्या करने वाले कर्मचारियों की संख्या सबसे कम रहीं। इसकी वजह कर्मचारियों की परेशानियों को दूर करने को उठाए गए बेहतर कदम हैं।

सीआइएसएफ के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2024 में इसके 15 कर्मचारियों की मौत आत्महत्या की वजह से हुई। ताजमहल, लाल किला, संसद भवन, दिल्ली मेट्रो समेत देशभर के 359 हवाई अड्डों, ऐतिहासिक धरोहरों, परमाणु और सरकारी संस्थानों आदि जैसे संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा में तैनात सीआइएसएफ कर्मचारियों की संख्या 1.51 लाख से ज्यादा है।

बीते छह वर्ष की तुलना में 2024 में सबसे कम मामले सामने आए, कर्मचारियों की परेशानियां दूर करने के लिए अपनाए कई उपाय

आंकड़े बताते हैं कि 2023 से 19 तक इसके आत्महत्या करने वाले कर्मचारियों की संख्या क्रमशः 25, 26, 21, 18 व 17 थी।

संगठन के प्रवक्ता ने कहा कि सीआइएसएफ ने इस चुनौती से निपटने के लिए कई विश्वसनीय कदम उठाने के साथ सक्रिय उपाय लागू किए हैं, जिनसे 2024 में आत्महत्या करने वाले कर्मचारियों की संख्या में काफी गिरावट देखने को मिली है। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार 2022 में राष्ट्रीय आत्महत्या दर प्रति एक लाख व्यक्तियों में 12.4 की रही थी। इस लिहाज से सीआइएसएफ ने 2024 में महत्वपूर्ण ढंग से इसकी आत्महत्या दर में कमी करते हुए इसे 9.87 किया, जो कि 2023 की तुलना में 40 प्रतिशत से ज्यादा की कमी है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों द्वारा 'अपने आदमी को जानो और उसकी सुनो' थीम पर कर्मचारियों के साथ करीबी जुड़ाव, योग और खेल द्वारा तनाव प्रबंधन, आनलाइन शिकायत निवारण, पिछले वर्ष से 4,200 कर्मियों की मानसिक स्वास्थ्य परेशानियों पर टेली-काउंसलिंग के आसान स्थानांतरण और तैनाती जैसी सुविधाओं के जरिये कर्मचारियों का ध्यान रखा जा रहा है।